Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 08-08-2005
Participants : Prasad Shri Hari Kewal,Chatterjee Shri Somnath

>

Title : Need for issuing commemorative stamp, installation of Portrait in Central Hall of Paliament and a statue in first circle of Parliament street in the memory of late Shri Rajnarayan .

श्री हरिकेवल प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, आज इस सवाल पर पूरे देश के समाजवादी लोग जो संघर्षों में श्री राजनारायण जी के साथ थे, वे जंतर-मंतर रोड पर धरना दे रहे हैं। उन्होंने आपको ज्ञापन देकर यह अनुरोध किया है कि श्री राजनारायण जी के नाम पर डाक टिकट जारी किया जाये। अंग्रेज शासक लार्ड इरविन की मूर्ति जो संसद मार्ग के प्रथम गोल चक्कर में थी, समाजवादियों द्वारा एक प्रदर्शन के दौरान तोड़ी गयी थी। हमारी आपसे मांग है कि उस जगह पर श्री राजनारायण जी की मूर्ति लगाई जाये और उस पार्क का नाम श्री राजनारायण पार्क रखा जाये। इसके साथ-साथ मैं यह भी चाहता हूं कि लोक सभा के सैंट्रल हाल में उनके चित्र को स्थापित किया जाये। स्वर्गीय श्री राजनारायण जी ने न्यायालय के आदेश के आधार पर जनता के अंदर राजनीति की हवा बदल दी थी। मैं चाहता हूं कि आपके अध्यक्ष पद पर रहते हुए श्री राजनारायण जी का चित्र लोक सभा में स्थापित किया जाये और उनके नाम से एक डाक टिकट जारी किया जाये। ...(व्यवधान) पिछली सरकार के संचार मंत्री ने लिखा था कि श्री राजनारायण जी इस परिधि में नहीं आते हैं। इस सरकार के संचार मंत्री ने भी यही लिखा, तो मैंने प्रधान मंत्री जी को एक पत्र लिखा लेकिन प्रधान मंत्री जी ने हमें उस पत्र का जवाब नहीं दिया। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Rewati Raman Singh will associate. Those hon. Members…

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I am trying to help you. I will not allow this. Shri Ramji Lal Suman, I am taking a very strong view of this. If you will disturb, nothing will be recorded. Kindly give me an opportunity. I should not have given you a certificate little earlier than I should have.

प्रो. राम गोपाल यादव (सम्भल) : हम केवल एसोसियेट कर रहे हैं। ...(व्यवधान)

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : अध्यक्ष महोदय, आप इस पर कुछ निर्णय लें। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : Let me conduct the House. आप बैठ जाइये। हम आपका नाम काट देंगे।

...(व्यवधान)[bts24]

13.00 hrs.

अध्यक्ष महोदय : जो-जो माननीय सदस्य इनके साथ एसोशिएट करना चाहते हैं, एक स्लिप भेज दीजिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यही तो मुसीबत हो जाती है। आप लोग सीनियर मैम्बर्स हैं।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Only Shri Rewati Raman Singh has given a notice. Although all other hon. Members have not given any notice, yet you all can associate. Keeping in view the sensitivity of the matter and all respect to late Raj Narain Ji, they will be allowed to associate without even bothering to give a notice. आप एसोशिएट कर दीजिए। ठीक है, हो गया। श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव, श्री रघुनाथ झा, श्री राम कृपाल यादव, श्री साताराम सिंह, श्री गणेश प्रसाद सिंह, श्री विजय कृण, श्री रामजीलाल सुमन, प्रो.राम गोपाल यादव, प्रो.एस.पी. सिंह बघेल, कुंवर रेवती रमन सिंह, श्री चन्द्रभूाण सिंह, श्री रवि प्रकाश वर्मा, श्रीमती जयाप्रदा, श्री चन्द्रपाल सिंह यादव, श्री राजनरायन बुधौलिया, श्री वीरचन्द्र पासवान, श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी, कुंवर सर्व राज सिंह और श्री शंख लाल माझी का नाम भी एसोशिएट किया जाता है।

...(व्यवधान)

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि आप सरकार को डायरेक्शन देने का काम करें कि सरकार,...(व्यवधान) आप भी इस लड़ाई में,...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Do you think that the Speaker is the super Prime Minister?

SHRI REWATI RAMAN SINGH : We consider you as a guardian of the House.

MR. SPEAKER: I have already told you that I will make some observation regarding matters which come within the jurisdiction of the Speaker and the Committee.

SHRI REWATI RAMAN SINGH : Thank you Sir.

MR. SPEAKER: I have already referred the matter to the Committee for its consideration. So far as the releasing of stamp by the Government is concerned, I am sure due attention will be given to it. It is so easy if everything can be done in an organised manner.

-

-